दिनांकः 10.10.2023 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा–राजस्थान सहित पांच राज्यों के आगामी विधानसभा चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष सुनिश्चित किये जाएंगे।
- प्रदेश में आदर्श आचार संहिता की पालना में प्रचार सामग्री और सरकारी योजनाओं के पोस्टर, बैनर और होर्डिंग हटाने का काम शुरू।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एशियाई खेलों में शामिल खिलाड़ियों को आज नई दिल्ली में संबोधित करेंगे।
- राज्यपाल कलराज मिश्र ने टीबी मुक्त भारत और रक्तदान से जुड़ी गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन का आह्वान किया है।

...................

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कल नई दिल्ली में कहा कि पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव को विशेष महत्व इसलिए है, क्योंकि ये 2024 के आम चुनाव से पहले होने वाले अंतिम विधानसभा चुनाव होंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि निर्वाचन आयोग इन पांचों राज्यों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और गड़बड़ियों से मुक्त चुनाव सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि आयोग ने उचित गलतियों से मुक्त और समावेशी मतदाता सूचियां बनाने पर विशेष बल दिया है। श्री कुमार ने बताया कि पांच राज्यों में 940 से अधिक सीमा चौकियां बनाई जाएंगी, जहां अवैध नकदी, शराब, रेवड़ियों और मादक पदार्थों को लाने–ले जाने पर नियंत्रण किया जा सकेगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि पांचों राज्यों में मतदाताओं को गलत तरीके से लुभाने पर रोक लगाने के लिए कड़ी निगरानी प्रणाली शुरू की जा रही है।

---------------

निर्वाचन आयोग की ओर से राज्य में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश में आचार संहिता की पालना करने का काम शुरू हो गया है। कल जयपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद राज्य की योजनाओं में अब कोई नया लाभार्थी नहीं जोड़ा जा सकता। यदि किसी को नियुक्ति दी जा चुकी है तो वह बिना अनुमति के ज्वाइन भी नहीं कर सकता है। उन्होंने बताया कि नए टेंडर तथा अन्य प्रक्रियाएं भी अब नहीं हो सकेंगे।

---------------

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सरकार की सभी वेबसाइट और इमारतों से राजनेताओं के फोटो और विज्ञापन हटाने के निर्देश दिए गए हैं। श्री गुप्ता ने बताया सभी मतदाता मतदान सूची में अपना नाम देख लेवे यदि किसी कारणवश किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में नहीं है तो अभी भी 27 अक्टूबर तक वह अपना नाम जुड़वा सकता है। उन्होंने बताया कि दिव्यांग और उम्र दराज मतदाता 4 नवंबर तक घर से मतदान करने की सुविधा के वास्ते आवेदन कर सकते हैं।

...................

प्रदेश में विधानसभा चुनावों को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू होते ही विभिन्न राजनैतिक दलों की ओर से तथा सरकारी योजनाओं को लेकर लगाए गए पोस्टर, बैनर और होर्डिंग हटाने का काम शुरू हो गया है। जयपुर सहित सभी जिलों में जिला निर्वाचन अधिकारियों ने इस बारे में आदेश जारी कर सभी तरह की प्रचार सामग्री हटाने को कहा है। बीकानेर जिला निर्वाचन अधिकारी ने 48 घंटे के अंदर सार्वजनिक स्थलों से प्रचार प्रसार सामग्री हटवाने के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। वहीं अगले 72 घंटे में निजी भवनों पर भी किसी प्रकार का राजनीतिक विज्ञापन ना हो इसकी अनुपालना सुनिश्चित करने को कहा है। सीकर के शहरी और ग्रामीण इलाकों से प्रचार सामग्री हटाने का काम शुरू हो गया

है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में धारा 144 भी लागू कर दी गई है। जिले के धोद और दांतारामगढ़ में रेपिड एक्शन फोर्स की 83 बटालियन ने संवेदनशील और अति संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया।

अलवर में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लाइसेंसी हथियार जमा करवाए जा रहे हैं। बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में भी फ्लैगमार्च कर लोगों से चुनाव के दौरान शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की गयी। सवाईमाधोपुर में पुलिस और प्रशासन की ओर से निष्पक्ष और भय मुक्त चुनाव संपन्न कराने के प्रयास तेज हो गए हैं। कल देर शाम जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में फ्लैग मार्च निकाला गया।

..................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एशियाई खेलों में शामिल खिलाड़ियों को आज नई दिल्ली में संबोधित करेंगे। एशियाई खेलों में उपलब्धि हासिल करने और भावी प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से ये कार्यक्रम आयोजित किया गया है। भारत ने एशियाई खेलों में 28 स्वर्ण सहित कुल 107 पदक जीते हैं। यह पदकों की कुल संख्या के मामले में एशियाई खेलों में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस कार्यक्रम में एशियाई खेलों में शामिल भारतीय खिलाड़ी, उनके कोच, भारतीय ओलम्पिक संघ के अधिकारी और राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर खिलाड़ियों से बात भी करेंगे।

..................

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने निजी एफएम रेडियो के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो–सीबीसी विज्ञापन दरों को सात वर्षों के बाद संशोधित किया है। आधार रेट में 43 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। श्रोताओं की संख्या के आधार पर स्टेशनों के लिए शहरों की दरों में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस वर्ष सितंबर में मंत्रालय द्वारा अनुमोदित नई दरों में दिसम्बर 2015 से मार्च 2023 की अवधि के लिए बढ़ती लागत को ध्यान में रखते हुए आधार दर में 43 प्रतिशत की वृद्धि शामिल है। एफएम रेडियो विज्ञापन के लिए सकल आधार दर 52 से बढ़कर 74 रुपए प्रति दस सेकेंड हो जाएगा। इस समायोजन का उद्देश्य मौजूदा बाजार दरों के साथ समानता बनाए रखना है। सकल आधार दर में वृद्धि से देश में वर्तमान में कार्यरत 400 से अधिक सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को भी लाभ होगा।

..................

राज्यपाल कलराज मिश्र ने टीबी मुक्त भारत और रक्तदान से जुड़ी गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन का आह्वान किया है। श्री मिश्र से कल रेड क्रॉस सोसायटी की नवगठित समिति के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। इस अवसर पर श्री मिश्र ने रेड क्रॉस के जरिए मानवता की सेवा के लिए सभी स्तरों पर प्रभावी कार्य किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस की जिला शाखाएं आपदा के समय ही नहीं सामान्य परिस्थितियों में भी सेवा और सहायता के लिए निरंतर तत्पर रहें। उन्होने टीबी मुक्त भारत, कैंसर, एनीमिया के लिए भी रेड क्रॉस को लगातार काम करने और रक्तदान से जुड़ी गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

..................

डाक विभाग की ओर से राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाया जा रहा है। ये सप्ताह 13 अक्टूबर तक चलेगा। डाक सप्ताह के दौरान देश के सभी डाकघरों में विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियों का आयोजन कर राष्ट्रीय स्तर पर आमजन और मीडिया में डाक विभाग की भूमिका का व्यापक सन्देश प्रसारित किया जा रहा है। इधर, प्रदेश के सभी डाक परिक्षेत्रीय और मंडल कार्यालयों में सप्ताह के दौरान वित्तीय सशक्तिकरण दिवस, फिलेटली दिवस, मेल्स और पार्सल तथा अन्त्योदय दिवस पर विभिन्न मेलों, सेमिनार और शिविर जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कोटा में आज डाक चौपाल लगायी जाएगी। इसमें बचत बैंक योजनाओं, डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा के बारे में बताया जाएगा।

..................

राज्य पक्षी गोडावण के संरक्षण के लिए जैसलमेर के डेजर्ट नेशनल पार्क में गोडावण क्लोजर से सटी हुई करीब 8 हजार 376 हेक्टेयर भूमि वन विभाग को आंवटित की गयी है। तेजी से विलुप्त होने के कगार की श्रेणी में माने जाने वाले गोडावण के संरक्षण को गति मिलेगी। उप वन संरक्षक आशीष व्यास ने बताया की राज्य पक्षी गोडावण के ब्रीडिंग सीजन में संरक्षण के लिए ग्रासलैंड विकसित करने और नए बाड़े बनाने में मदद मिलेगी तथा भूमि पर पक्षियों के संरक्षण और प्रजनन के लिए ब्रीडिंग ग्राउंड तैयार करने सहित बेहतर संसाधन उपलब्ध कराए जा सकेंगे।

...................

आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में इंग्लैंड का आज धर्मशाला में बांग्लादेश से मुकाबला होगा। वहीं पाकिस्तान और श्रीलंका का मैच दोपहर 2 बजे से हैदराबाद में होगा। कल हैदराबाद में हुए मुकाबले में न्यूज़ीलैंड ने नीदरलैंड को 99 रन से हरा दिया। 323 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड की टीम 46 ओवर 3 गेंदों में 223 रन पर ऑलआउट हो गई।

...................